मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 228
गुरुवार, 06 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## ग्रामीण पलायन की समस्या का समाधान करने के साथ छोटे किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी एक महत्त्वपूर्ण विकल्प है: अमित शाह

**मुंबई, 05 मार्च।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए यह संदेश दिया कि, ग्रामीण पलायन की समस्या का समाधान करने के साथ छोटे किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी एक महत्त्वपूर्ण विकल्प है। डेयरी सेक्टर ने आज सर्कुलरिटी के संबंध में गुड प्रैक्टिसिस को 250 दूध उत्पादक संघों तक पहुँचाने की विजनरी शुरूआत की है।

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि देश के साथ-साथ ग्रामीण विकास और भूमिहीन छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भारत का डेयरी क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। पोषण की चिंता, देश को दुनिया का नंबर एक दूध उत्पादक बनाने में योगदान देना और किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करने में डेयरी क्षेत्र अहम भूमिका निभाता है।

कृषि, डेयरी, मत्स्यपालन, बुनाई, ऋण और व्यापार सहित कई प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय ह्यग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ सहकारिता क्षेत्र को आजादी के बाद भी वर्षों तक उपेक्षा का शिकार बना कर रखा गया था, जबकि देश की आधी से ज्यादा आबादी किसी-न-किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी हुई है। ऐसे में, सकारिता क्षेत्र को एक नया क्षितिज प्रदान करने के लिए मोदी सरकार ने जुलाई,




2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, जिसका कार्य भार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा गया। जहाँ मोदी जी ने स्वायत्त सहकारिता मंत्रालय का गठन करके ह्यसहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार करने का काम किया, वहीं जन कल्याण से जुड़ी नीतियों के लिए प्रसिद्ध भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता की नींव को मजबूत बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। देश भर के राज्यों में सहकारी समितियों का निर्माण और इसका मजबूत ढाँचा आज इसकी मिसाल पेश कर रहे हैं। मोदी जी की दूरदर्शी सोच और अमित शाह की अगुवाई में अमृतकाल के पहले केंद्रीय बजट 2023-24 को सहकारिता क्षेत्र के लिए बूस्टर खुराक की तरह पेश किया जाना भी अपने आप में सराहनीय पहल है। अगले पाँच वर्षों में 2 लाख पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होने के साथ-साथ सहकारिता क्षेत्र भी सशक्त होगा।मोदी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय सहकारिता क्षेत्र के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रहा है। बीते तीन वर्षों में देश में सहकारिता आंदोलन को ना सिर्फ गति प्रदान की गई है बल्कि जमीनी स्तर पर उसकी पहुँच को व्यापक बनाने की कवायद भी तेजी से जारी है। यदि देखा जाए तो मोदी जी के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को और भी अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का काम अमित शाह के कार्यकाल में हुआ है। अमृतकाल में फार्म से फैक्ट्री तक की संपूर्ण चेन गाँव में ही स्थापित किए जाने पर बल देते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार सहकार से शक्ति, सहकार से सहयोग और सहकार से समृद्धि के तीन सूत्रों के साथ-साथ प्रॉफिट फॉर पीपल के मंत्र को चरितार्थ कर रही है।

## टायर फटने से बेकाबू हुई कार ने चार लोगों को कुचला, दो की मौत

**लखनऊ, 05 मार्च।** लखनऊ के हसनगंज इलाके में बुधवार को टायर फटने से बेकाबू हुई कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई तथा इतने ही अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना हसनगंज थाना क्षेत्र के नदवा रोड पर रात करीब एक बजे हुई जब तेज गति से जा रही एक कार टायर फटने से अनियंत्रित हो गयी और उसने डिवाइडर पर सो रहे चार लोगों को कुचल दिया।




प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि कार लोहे के खंभे से टकराने के बाद रुक गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घायल हुए चारों लोगों को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। दो घायलों का इलाज जारी है। हसनगंज के थानाध्यक्ष डी. के. सिंह ने बताया कि कार चालक दुर्घटना के बाद मौके से भाग गया। पुलिस उसे पकड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि चालक नशे में था या नहीं, यह जांच का विषय है।

## एमएमआरडीए के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसले का इंतजार

**मुंबई, 5 मार्च।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बोरीवली और ठाणे के बीच कनेक्टिंग सुरंग के निर्माण का ठेका एमईआईएल कंपनी को देने के खिलाफ एमएमआरडीए पर दायर जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की पीठ ने कहा कि हैदराबाद के पत्रकार रवि प्रकाश द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी हो चुकी है और अब फैसला सुनाया जाएगा। याचिकाकर्ता ने याचिका में आरोप लगाया है कि एमईआईएल द्वारा यूरो एक्जिम बैंक को सौंपी गई बैंक गारंटी वैध नहीं है, इसलिए इसकी जांच की जरूरत है। एमएमआरडीए का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिकाकर्ता के व्यवहार पर आपत्ति जताई और उसकी मंशा पर सवाल उठाया।

उन्होंने दावा दिया कि बैंक गारंटियां भारतीय बैंकों, भारतीय स्टेट बैंक और स्टेट बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा प्रमाणित थीं।

पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी और एमईआईएल का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता डेरियस जे. खंबाटा ने याचिकाकर्ता के खिलाफ अदालत की अवमानना का दावा किया। याचिकाकताओं ने दावा किया कि तथ्यों को दबा दिया गया है और जनहित याचिका जनहित में नहीं बल्कि व्यक्तिगत प्रतिशोध से दायर की गई है।

इसका जवाब देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने याचिकाकर्ता के गलत ट्वीट को स्वीकार किया, जिन्हें बाद में हटा दिया गया था।

यदि याचिकाकर्ता की ओर से कोई कमी पाई जाती है तो उन्होने अदालत को सुझाव दिया कि सुनवाई जारी रखने के लिए एक न्यायमित्र नियुक्त किया जाए। उच्च न्यायालय की पीठ ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है, जो जल्द ही जारी किया जाएगा।

## युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता पर्यटन: पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 05 मार्च।** बजट के बाद रोजगार पर वेब गोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों में और नवाचार आधारित विषयों में निवेश करना विकसित भारत की रूपरेखा को दर्शार्ता है। उन्होंने कहा कि बजट 2025-26 में विकसित भारत का खाका सामने आया है। इसमें बुनियादी ढांचे और कौशल विकास को समान महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता है। इस क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा मिलने से जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। हमें प्रतिभा को बढ़ावा देने, कौशल विकास और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एआई शोध के लिए एक राष्ट्रीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा और इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा जाएगा। रोजगार सृजन को महत्व देते हुए सरकार ने 2014 से अब तक तीन करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि हमने इस बजट में 10 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटों की घोषणा की है। हम अगले 5 सालों में मेडिकल लाइन में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टेली-मेडिसिन सुविधा का विस्तार हो रहा है। डे-केयर कैंसर सेंटर और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा के जरिए हम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को लास्ट माइल

### बजट में विकसित भारत का खाका सामने आया



तक पहुंचाना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। देश भर में पर्यटन के लिए 50 गंतव्य पर फोकस करते हुए विकसित किया जाएगा। इन गंतव्य में होटलों को आधारभूत संरचना का दर्जा दिए जाने से पर्यटन में आसानी बढ़ेगा, स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन के माध्यम से भारत की समृद्ध पांडुलिपि विरासत को संरक्षित करने की घोषणा बहुत ही अहम है। इस मिशन के माध्यम से एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को डिजिटल फॉर्म में बदला जाएगा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि फरवरी में ही भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर क्टऋके शानदार टिप्पणियों भी हम सबके सामने हैं।इस रिपोर्ट के मुताबिक 2015 से 2025 के बीच के 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने 66% की ग्रोथ दर्ज की है। भारत अब 3.8 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। ये ग्रोथ कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से भी ज्यादा है। वो दिन दूर नहीं जब भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा।

## भाषा विवाद के बीच कमल हासन का केंद्र पर निशाना

**नई दिल्ली, 05 मार्च।** अभिनेता-राजनेता कमल हासन ने बुधवार को चल रहे भाषा विवाद में एमके स्टालिन के रुख का समर्थन किया और केंद्र पर गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपकर भारत को हिंडिया बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उनकी टिप्पणी तमिल पार्टियों की एक बैठक में भाग लेने के दौरान आई जहां हिंदी थोपने और परिसीमन के खिलाफ एक प्रस्ताव अपनाया गया और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा गया। अभिनेता सीएम स्टालिन के नेतृत्व में 50 से अधिक तमिल



राजनीतिक दलों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

पार्टियों ने सामूहिक रूप से पीएम मोदी को एक संयुक्त प्रस्ताव सौंपा, जिसमें आश्वासन दिया गया कि कोई भी परिसीमन अभ्यास, यदि अब आयोजित किया जाता है, तो 1971 की जनसंख्या के आंकड़ों पर आधारित होगा और अगले 30 वर्षों तक अपरिवर्तित रहेगा। उन्होंने तर्क दिया कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया है, उन्हें दंडित नहीं किया जाएगा और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

हासन ने कहा कि केंद्र सरकार कोशिश कर रही है कि सभी राज्य हिंदी बोलें और बहुमत से चुनाव जीतें। हमारा सपना है 'इंडिया' और उनका है 'हिन्दिया'। हासन की टिप्पणी 2019 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के 'हिंदिया' तंज की तर्ज पर थी, जब अमित शाह ने हिंदी दिवस पर कहा था कि यह एक भाषा है जो दुनिया में भारत की पहचान को चिह्नित करती है। स्टालिन ने टिप्पणी का विरोध करते हुए कहा था, यह भारत है, हिंदिया नहीं। पिछले हफ्ते, हासन ने केंद्र को चेतावनी दी थी, तमिलवासियों ने एक भाषा के लिए अपनी जान गंवाई है। इसके साथ मत खेलो।

## यूपी विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर लगा बैन

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में पान-मसाला थूकने की घटना के एक दिन बाद, सदन के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर बैन लगा दिया है। साथ ही एक हजार जुमार्ने का भी प्रावधान रखा गया है।

सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है।

यदि कोई भी व्यक्ति विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन करता है, तो उन पर 1000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले मंगलवार को स्पीकर सतीश महाना उस समय क्रोधित हो गए जब उन्होंने देखा कि विधानसभा के मुख्य द्वार पर किसी ने थूक दिया था। महाना ने जहां विधानसभा कर्मचारियों को दाग साफ कराने का आदेश दिया, वहीं उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया।

महाना ने कहा कि सुबह मुझे सूचना मिली कि हमारी विधान सभा के इस कक्ष में किसी सदस्य ने पान मसाला खाकर थूक दिया है। इसलिए, मैं यहां आया और इसे बोल रहा। मैंने विधायक को वीडियो में देखा है।










# मुंबई में जबरन स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने पर कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शेट्टी का उग्र विरोध

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** में विद्युत आपूर्ति करने वाली कंपनी द्वारा जबरन स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के फैसले ने शहरभर में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। कांग्रेस ने इस निर्णय को जनविरोधी और अन्यायपूर्ण करार देते हुए टरएऊछ और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राकेश शंकर शेट्टी ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। राकेश शेट्टी ने मुलुंड के



एमएसईडीसीएल के कार्यकारी अभियंता श्रीनिवास चतलावर को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की माँग की। कांग्रेस की पांच प्रमुख मांगें: स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के फैसले पर तत्काल रोक लगाई जाए। मौजूदा पोस्टपेड बिलिंग प्रणाली को जारी रखा जाए और उपभोक्ताओं को विकल्प दिया जाए। जनता से राय लेकर पारदर्शी तरीके से कोई नया निर्णय लिया जाए। किसी भी उपभोक्ता को जबरन स्मार्ट मीटर लेने के लिए बाध्य न किया जाए।

महाराष्ट्र सरकार और टरएऊ उछ को उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करनी चाहिए। कांग्रेस का ऐलान सरकार नहीं मानी तो सड़कों पर उतरेगा जनसैलाब! कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शेट्टी ने ऐलान किया है कि अगर सरकार ने जनता की आवाज नहीं सुनी, तो इस फैसले के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस इसे जनता पर थोपा गया अन्याय मान रही है और जनता के समर्थन से सरकार और अदानी ग्रुप के इस निर्णय के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया है।

# दिपेश म्हात्रे द्वारा शहर वासियों के लिए एम्बुलेंस का लोकार्पण




**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के पूर्व स्थायी समिति सभापति एवं शिवसेना उद्धव गुट के कल्याण जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे के जन्मदिन पर मुफ्त एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया। मंगलवार 4 मार्च को दीपेश म्हात्रे का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। डोंबिवली पश्चिम के मोठागांव में स्थित उनके आवास पर जन्मदिन की बधाई देने के लिए मान्यवरों का तांता लगा रहा है। राजनीतिक, सामाजिक और हरेक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने दीपेश म्हात्रे को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर दीपेश म्हात्रे की तरफ से डोंबिवली वासियों के लिए मुफ्त एम्बुलेंस सेवा का उदघाटन करते हुए एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया।

## छत्रपति शिवाजी महाराज चौक का पूर्ण सुशोभिकरण करने की शिवसेना ने की मांग



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण की पहचान के रूप में सुविख्यात छत्रपति शिवाजी महाराज चौक का पूर्ण सुशोभिकरण करने की मांग शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधानसभा सह संगठक रूपेश चंद्रकांत भोईर ने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर की है। कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के प्रशासक और आयुक्त डॉ. इन्दुराणी जाखड को लिखे पत्र में रूपेश भोईर ने कहा है कि मनपा द्वारा हर साल छत्रपति शिवाजी महाराज चौक का सुशोभीकरण किया जाता है। मगर यह सुशोभिकरण सिर्फ चौक के दर्शनी भाग का ही किया जाता है। संत शिरोमणी रोहीदास महाराज चौक से इस चौक की तरफ का भाग कभी सुशोभिकरण की श्रेणी में रखा ही नहीं गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज जी के पुतले का पिछला भाग भंगार का गोदाम बन चुका है। पिछले भाग में हमेशा बाम्बू और अन्य कबाड रखा रहता है। चौक के दायरे का पिछला भाग हमेशा उपेक्षित ही रहता है। जिससे चौक की शोभा पर असर पडता है। रूपेश भोईर ने मनपा आयुक्त से जल्द से जल्द पूरे चौक का सुशोभिकरण की मांग की है।

## विद्यार्थियों ने की आर्थिक राजधानी व ऐतिहासिक शहर मुंबई की शैक्षणिक यात्रा

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** चिंचणी तारापुर शिक्षण संस्था एम.के. जूनियर कॉलेज चिंचणी के कक्षा 11वीं विज्ञान व वाणिज्य शाखा के विद्यार्थी देश की आर्थिक राजधानी व ऐतिहासिक शहर मुंबई का शैक्षणिक दौरा किया। संस्था के अध्यक्ष रजनीकांत भाई श्रॉफ की संकल्पना व प्राचार्य महेश रावते की अनुमति से यात्रा का आयोजन किया गया। पर्यटन यात्रा का आयोजन प्रो.एकनाथ पाटील के प्रयासों से किया गया। दुर्गम क्षेत्रों व सामान्य परिवारों के विद्यार्थियों को मुबई शहर की पहचान जानने के साथ ही साथ शहर के ऐतिहासिक तथा वैश्विक विरासत को जानना महत्वपूर्ण था। इसलिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, बृहन्मुंबई महानगरपालिका, आजाद मैदान का महत्व, रिजर्व बैंक मुंबई, भारत का प्रवेश द्वार गेटवे ऑफ इंडिया, ताज होटल, एलफिस्टन कॉलेज, फोर्ट का मुंबई विद्यापीठ, मुंबई उच्च न्यायालय, नेहरू विज्ञान केंद्र वर्ली में श्री डी शो, रेड क्रॉस मैदान की प्रत्यक्ष अनुभूति लेते हुए शैक्षणिक यात्रा का आनंद उठाया। इसके साथ ही मुंबई की डबल डेकर वातानुकूलित बस का आनंद लिया। इस यात्रा में 15 छात्र 27 छात्राओं को मिलाकर कुल 42 विद्यार्थियों समेत शिक्षक प्रा. एकनाथ पाटील, प्रा. मेघा पाटील, प्रा. सुलोचना पाडवी व हिमांशु जोशी शामिल रहे। इस आयोजन में अभिभावक, उप प्राचार्या संगीता चूरी का विशेष मार्गदर्शन व योगदान रहा।

## कोटा केयर्स : 4 हजार हॉस्टल संचालकों के बाद अब 10 हजार से अधिक ऑटो चालक कोटा केयर्स पहल से जुड़े

**मुंबई/पटना।** हॉस्टल एसोसिएशन्स के सिक्योरिटी और कॉशन मनी नहीं लेने की घोषणा के बाद अब ऑटो यूनियंस कोटा केयर्स अभियान से जुड़ी हैं। 10 हजार से अधिक ऑटो चालकों का प्रतिनिधित्व करने वाले ऑटो यूनियन के प्रतिनिधि अतिरिक्त जिला कलक्टर अनिल सिंघल से मिले और उन्हें शहर में ऑटो यात्रा के संबंध में अपने सुझाव व निर्णयों से अवगत करवाया। इसमें मुख्यरूप से ऑटो यूनियन द्वारा प्रति किलोमीटर अधिकतम 20 रुपए किराया, वेटिंग चार्जेज 50 रुपए प्रति घंटा के साथ-साथ ऑटो चालकों को गेटकीपर और बिहेवियर ट्रेनिंग दिया जाना शामिल है। कोटा केयर्स अभियान के तहत ऑटो चालकों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश के स्टीकर्स तैयार किए जाएंगे, जिन्हें कोटा स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी के सहयोग एवं ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के माध्यम से शहर के करीब 10 हजार से अधिक ऑटो पर चस्पा किया जाएगा। 4 हजार हॉस्टल्स के बाद 10 हजार ऑटो चालकों का कोटा केयर्स से जुड़ना यहां रह रहे 1.25 लाख से अधिक स्टूडेंट्स की केयरिंग के क्षेत्र में बड़ा कदम है। इस बैठक के कार्यवाही विवरण भी जिला प्रशासन द्वारा जारी कर दिए गए हैं। जिला कलक्टर कार्यालय में इस मीटिंग की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर अनिल सिंघल ने की। मीटिंग में जिला परिवहन अधिकारी अनीश शर्मा, यातायात पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार मीणा के साथ कोटा स्टूडेंट्स वेलफेयर सोसायटी व कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। प्रस्ताव देने वालों में कोटा ऑटो ड्राइवर यूनियन के अध्यक्ष भूपेन्द्र सक्सेना, हाड़ौती ऑटो रिक्शा हितकारी सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक तिवारी और जनसेवा ऑटोरिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद शकील शामिल थे। एडीएम सिटी अनिल सिंघल ने कहा कि कोटा में आने वाला हर व्यक्ति सबसे पहले ऑटो चालक के पास पहुंचता है। यदि ऑटो चालक का व्यवहार अच्छा होता है, वो उचित किराया लेता है, अच्छी सेवा देता है तो शहर के प्रति सोच सकारात्मक हो जाती है। हम सभी की यह संयुक्त जिम्मेदारी बनती है कि कोटा आने वाले स्टूडेंट्स व पेरेंट्स को अच्छा माहौल मिले, इसके लिए ही कोटा केयर्स अभियान भी चलाया जा रहा है।

## डेंटिस्ट दिवस के अवसरपर डेंटिस्ट की सलाह : डॉ सोनिया दत्ता

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शरीर के स्वास्थ्य के लिए मुंह का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। इस डेंटिस्ट दिवस के मौके पर हम आपके लिए लेकर आए हैं विशेषज्ञ का सुझाव जो आपको बताएंगे कि किस तरह आप अपने मुंह की देखभाल कर अपनी मुसकान को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखते हैं।

आयुर्वेदिक समाधानों जैसे डाबर रैड पेस्ट को अपनाकर आप अपने दांतों को लम्बे समय तक स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री में जानी-मानी विशेषज्ञ डॉ सोनिया दत्ता के पास 27 सालों का अनुभव है। उनका कहना है कि रोजमर्रा में मुंह की सही देखभाल करने से दांत मजबूत बने रहते हैं। वहीं ओरल हाइजीन का ख्याल न रखना दिल की बीमारियों और डायबिटीज तक का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम रोजमर्रा में मुंह की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें, इसके लिए अच्छी आदतें अपनाएं। इस डेंटिस्ट दिवस के अवसर पर आइए शपथ लें कि विशेषज्ञों के सुझावों को अपनाकर अपने मुंह के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगे। रोजमर्रा में अच्छी आदतों जैसे ब्रश करने के सही तरीके, आयुर्वेदिक समाधानों जैसे डाबर रैड पेस्ट को अपनाकर आप अपने दांतों को लम्बे समय तक स्वस्थ बनाए रख सकते हैं। विशेषज्ञ डेंटिस्ट के सुझाव पर भरोसा करें और सालों-साल अपने दातों एवं मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखें।

## शिव महापुराण सुनने से पापों से छुटकारा मिलता है : सुमित कृष्ण महाराज



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शिव महापुराण सुनने से जाने-अनजाने या जानबूझकर किए पापों से छुटकारा मिलता है. सनातन फाउंडेशन दहिसर द्वारा भाटला देवी मंदिर,भरुचा रोड में आयोजित शिव महापुराण कथा में बोलते हुए सुप्रसिद्ध कथा व्यास सुमित कृष्ण महाराज ने उपरोक्त बातें कही। 25 फरवरी से आयोजित कथा का समापन 7 मार्च को होगा। प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित कथा में भारी संख्या में शिव भक्त पधार रहे हैं। अब तक यहां पहुंच कर कथा का रसपान करने वाले प्रमुख लोगों में विधायक संजय उपाध्याय, विधायक प्रवीण दरेकर, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अमरजीत मिश्रा , प्रकाश दरेकर , उद्योगपति रामजी भरवाड़, गणेश खनकर, मोती भाई देसाई मंगेश पंगारे, समाजसेवी अभय चौबे आदि का समावेश है। आयोजन समिति की तरफ से गीतेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, शिवम मिश्रा, देवेश तिवारी, संजय मिश्रा, प्रमोद दुबे, जिग्नेश चौबे, राजेश शुक्ला आदि सुंदर व्यवस्था कार्य में लगे हुए हैं।

## नमक वाले पिस्ते खाने से डायबिटीज का खतरा कम होगा

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारत मधुमेह अनुसंधान के लिए मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन के एक नए अध्ययन से पता चला है कि यदि रोज के आहार में भुने हुए, बिना नमक वाले पिस्ते (लगभग 30 ग्राम) भोजन से पहले खाए जाएं, तो प्रीडायबेटिक व्यक्तियों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा कम हो सकता है। यह अध्ययन एशियन इंडियन प्रीडायबेटिक वयस्कों में प्री-मील पिस्ता सप्लीमेंट का कार्डियोमेटाबोलिक जोखिम पर प्रभावः एक नियंत्रित परीक्षण शीर्षक से द जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित हुआ है। इस शोध का नेतृत्व डॉ. वी. मोहन, चेयरमैन, मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन ने किया है। इसमें हार्वर्ड टी.एच. चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ (अमेरिका) के डॉ. वॉल्टर विलेट, डॉ. फ्रैंक हू और डॉ. शिल्पा एन.




भूपथिराजू के साथ-साथ युनिवर्सिटेट रोवीरा आई विरजिली, स्पेन के डॉ. जोर्डी सालास-साल्वाडो सहित अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने भाग लिया। भारत में 136 मिलियन प्रीडायबेटिक और 101 मिलियन डायबिटिक वयस्क हैं, इसलिए प्रभावी आहार उपायों की अत्यधिक आवश्यकता है। डॉ. वी. मोहन ने कहा, 12 सप्ताह के इस परीक्षण में 120 प्रीडायबेटिक व्यक्तियों को शामिल किया गया। रोजाना नाश्ते और रात के खाने से पहले 30 ग्राम पिस्ता खाने से ग्लाइकोसाइलेटेड हीमोग्लोबिन का स्तर और भोजन के बाद रक्त शर्करा का स्तर कम हो गया। साथ ही, वजन में कमी, ट्राइग्लिसराइड्स में 10% की गिरावट और कमर की चौड़ाई में कमी देखी गई, जिससे टाइप 2 डायबिटीज का खतरा टाला जा सकता है। डॉ. शिल्पा एन. भूपथिराजू ने स्पष्ट किया कि आहार में पिस्ता जोड़ने से काबोर्हाइड्रेट की मात्रा कम होती है और प्रोटीन व स्वस्थ वसा की मात्रा बढ़ती है।

भारतीय आहार में लगभग आधी कैलोरी परिष्कृत चावल से प्राप्त होती है. सुमित सरन, इन-कंट्री मार्केट प्रतिनिधि, अमेरिकन पिस्ताचियो ग्रोअर्स, ने कहा, ₹भारत अमेरिकी पिस्तों के लिए एक बड़ा बाजार है।

## चांदीवली में सपा विधायक अबू आजमी के खिलाफ युवा सेना ने किया साकीनाका पुलिस थाने के सामने किया प्रदर्शन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** स्वराज्य के दुश्मन औरंगजेब के प्रति उदारीकरण की भूमिका सपा विधायक अबू आजमी को महंगा पड़ गया है। और उनके भाषण को लेकर पूरे राज्य में तीखी प्रतिक्रिया हो रही है। विपक्ष ने मांग की है कि अबू आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाए। इसी परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गत दिनों चांदीवली में शिवसेना युवा सेना के माध्यम से प्रदर्शन किया गया।. विधायक दिलीप लांडे के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र प्रदेश युवा सेना के कार्यकारिणी सदस्य प्रयाग दिलीप लांडे ने साकीनाका पुलिस स्टेशन के सामने सपा विधायक अबू आजमी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस से सपा विधायक अबू आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की। इस बीच, युवा सेना के कार्यकारिणी सदस्य प्रयाग लांडे ने साकीनाका पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक योगेश शिंदे से मुलाकात की और मांग की कि हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज और धर्मरक्षक छत्रपति संभाजी महाराज का अपमान करने के लिए समाजवादी पार्टी विधायक अबू आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाए।. इस अवसर पर प्रयाग लांडे, के साथ शिव सेना उपविभाग प्रमुख सागर तुलसकर, शाखा प्रमुख अजय कांबले, सुशील जाधव, युवा सेना विभाग प्रमुख क्रांति राणे, वरिष्ठ शिवसैनिक मिलिंद जाधव सहित बड़ी संख्या में शिव सेना पदाधिकारी और शिवसैनिक उपस्थित थे।

## आदेश का उल्लंघन करने वाला तड़ीपार गुंडा गिरफ्तार

**चेतन निर्मल संवाददाता**

**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबिवली पूर्व के मानपाड़ा रोड सागांव निवासी कुख्यात गैंगस्टर वैभव जयवंत पाटिल को कल्याण परिमंडल 3 के पुलिस उपायुक्त अतुल जेंडे ने एक साल के लिए ठाणे और रायगढ़ जिले से बाहर कर दिया था । लेकिन वैभव पाटिल आदेश का उल्लंघन करके अपने सांगाव घर में छिपा हुआ था, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कदबाने के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक संपत फडोल और उनके सहयोगियों ने सोमवार आधी रात को घर पर अचानक छापा मारते हुवे गुंडे को गिरफ्तार कर लिया । बतादें की वैभव पाटिल मानपाड़ा रोड पर सागांव शंकेश्वर मंदिर के सामने साईं प्रसाद बंगले में रहता हैं।


वैभव जयवंत पाटील

आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इस गैंगस्टर का पुलिस रिकॉर्ड में कई अपराध दर्ज हैं। कानून, शांति और व्यवस्था को चुनौती देने वाले और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इस गैंगस्टर को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस उपायुक्त अतुल जेंडे ने पिछले साल नवंबर में उसे गिरफ्तार कर ठाणे और रायगढ़ जिलों से निष्कासित किया था। गुंडे में आदेश की अवहेलना करते हुए, गुप्त रूप से डोंबिवली में सांगाव के घर रहने लगा था ।

जैसे ही इस बात की भनक मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कदबाणे को मिली, उन्होंने सहायक पुलिस निरीक्षक संपत फडोल और उनकी टीम को कार्रवाई करने का आदेश दिया. सोमवार आधी रात को संपत फडोल को यकीन हो गया कि वैभव पाटिल उनके साईं प्रसाद बंगले रह रहा है.

इसके बाद आधी रात करीब ढाई बजे पुलिस टीम ने अचानक घर पर छापा मारा. दरवाजा खोलते ही वैभव पुलिस के घेरे में आ गया. पुलिस ने तुरंत बदमाश को गिरफ्तार कर हिरासत में भेज दिया।

# संजय गांधी निराधार योजना से वंचित विधवा महिलाओं को पेंशन देने की मांग

## अनुश्री फाउंडेशन द्वारा जिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** अनुश्री फाउंडेशन की ओर से संजय गांधी निराधार योजना से वंचित विधवा महिलाओं को पेंशन देने की मांग को लेकर पालघर जिलाधिकारी गोविंद बोडके को ज्ञापन सौंपा गया।




अनुश्री फाउंडेशन की सचिव पुष्पा तिवारी द्वारा जिलाधिकारी गोविंद बोडके को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि जिले की कई विधवा महिलाओं को संजय गांधी निराधार योजना का लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। जब कि ये विधवा महिलाएं कई बार जनता दरबार के चक्कर काट चुकी हैं। अनुश्री फाउंडेशन द्वारा जिलाधिकारी गोविंद बोडके को दी गई विधवा महिलाओं सूची के माध्यम से बताया गया है कि सूची में शामिल सभी महिलाएं दो वर्ष पूर्व ही फार्म के साथ जरूरी दस्तावेजों को जमा कर चुकी हैं लेकिन संबंधित विभाग द्वारा पहले तो टाल मटोल किया गया। वहीं अब उसी विभाग के कर्मचारी आवेदन व जरूरी दस्तावेजों के जमा होने से इनकार कर रहे हैं। इससे उक्त लाचार महिलाओं के समक्ष बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। अनुश्री फाउंडेशन के माध्यम से सभी विधवा महिलाओं ने जिलाधिकारी गोविंद बोडके से मुलाकात कर संजय गांधी निराधार योजना के तहत पेंशन लागू कराने की अपील की। इस दौरान जिलाधिकारी गोविंद बोडके ने सभी को उक्त योजना में शामिल कर पेंशन लागू कराने का दिलासा दिया। जिलाधिकारी पालघर को ज्ञापन सौंपते समय अनुश्री फाउंडेशन की सचिव पुष्पा तिवारी के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## हाऊसिंग डॉटकॉम द्वारा ऑनलाइन प्रॉपर्टी फेस्ट की घोषणा

**मुंबई।** भारत का नंबर 1 रियल एस्टेट ऐप हाऊसिंग डॉटकॉम अपने बहुप्रतीक्षित प्रमुख ऑनलाइन प्रॉपर्टी इवेंट हैप्पी न्यू होम्स 2025 (एचएनएच25) का 8वां संस्करण लॉन्च करने को तैयार है। यह 10 मार्च से 10 अप्रैल 2025 तक एक महीने चलने वाला वर्चुअल प्रॉपर्टी फेस्टिवल होगा, जो पहले से कहीं अधिक व्यापक होगा और पूरे भारत के 34 शहरों तक पहुंचेगा। यह आयोजन शीर्ष डेवलपर्स, विशेष डील्स और डिजिटल होम-बाइंग के सहज अनुभव के साथ ऑनलाइन रियल एस्टेट क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा।

हाऊसिंग डॉटकॉम के चीफ रेवेनयू ऑफिसर (सीआरओ) श्री अमित मसालदान ने इस आयोजन की सफलता को लेकर आशा व्यक्त की और कहा, ₹हमें उम्मीद है कि हैप्पी न्यू होम्स 2025 दर्शकों की भागीदारी और बिक्री के लिहाज से उद्योग में नए मानक स्थापित करेगा। घर खरीदने की प्रक्रिया लगातार विकसित हो रही है, और हमारा ध्यान उपभोक्ताओं को बेहतर और अद्वितीय अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। भारत के घर खरीदारों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में हाऊसिंग डॉटकॉम अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है, और हमें गर्व है कि हम ग्राहकों के लिए विश्वसनीय सहयोगी बनकर उभरे हैं। श्री अमित मसालदान ने आगे कहा, हैप्पी न्यू होम्स25 के माध्यम से हम आधुनिक घर खरीदारों की बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए नवाचार कर रहे हैं। हमारी प्रतिबद्धता केवल प्रॉपर्टी दिखाने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम पारदर्शिता और तकनीक के मेल से एक संपूर्ण इकोसिस्टम बना रहे हैं, जिससे घर खरीदने वाले सोच-समझकर निर्णय ले सकें। इस वर्ष 34 शहरों तक विस्तार करना इस बात का प्रमाण है कि हम भारत के विविध रियल एस्टेट बाजार में गुणवत्ता युक्त आवासीय परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। हैप्पी न्यू होम्स'25 इस बार घर खरीदने के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए कई नए इनोवेशन लेकर आ रहा है। इसमें प्रोफेशनली प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट वीडियो शामिल है, जिसमें विशेषज्ञ एंकर की ओर से गहराई से जानकारी प्रदान करने वाले वीडियो होंगे। इससे खरीदारों को संपत्तियों का सजीव अनुभव मिलेगा। इसके अलावा सभी लिस्टिंग की सटीक सत्यापन प्रक्रिया का पालन होगा। ग्राहकों के लिए पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए हर प्रॉपर्टी को गहराई से जांचा जाएगा। होम लोन पर विशेष कैशबैक ऑफरः इस इवेंट के दौरान हाऊसिंग डॉटकॉम से होम लोन लेने वाले ग्राहकों को गारंटीड कैशबैक मिलेगा, जिससे उनके घर खरीदने के सफर को और भी फायदेमंद बनाया जाएगा।

हैप्पू न्यू होम्स 25 पहले के संस्करणों, विशेष रूप से त्योहारों के दौरान आयोजित 'मेगा होम उत्सव 2024' की सफलता पर आधारित है। यह इवेंट भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रॉपटेक की बढ़ती प्रमुखता को दशार्ता है और 4,400 से अधिक डेवलपर्स और चैनल पार्टनर्स को संपत्ति खरीदारों से जोड़ता है। इसमें मेट्रो शहरों, टियर-क्क और टियर-क्क्क शहरों में स्थित अनेकों आवासीय परियोजनाएँ शामिल होंगी।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

